# उत्पादन के मामले में यूपी की 133 चीनी मिलें सबसे आगे

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. आर.पी. सिंह ने कहा है कि चीनी उद्योग की उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश की 133 चीनी मिलें राज्य को देश का अग्रणी चीनी उत्पादक बनाती हैं।

डॉ. आरपी सिंह ने ये बातें अपने कार्यालय भवन में प्रदेश की 133 शुगर मिल इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि ये इकाइयां लाखों किसानों और श्रमिकों को रोजगार प्रदान करती हैं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाती हैं और राज्य की जीडीपी में उल्लेखनीय योगदान देती हैं। उन्होंने चीनी मिलों का आह्वान किया कि वे नवीनतम तकनीकों का उपयोग करें।



चीनी मिलों के प्रतिनिधियों के संग संवाद।